हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

# मेट्रो सिटी

## बिजली के करंट से मजदूर की दर्दनाक मौत

**नागपुर.** वाड़ी थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की छत पर काम कर रहे मजदूर की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आराधनानगर, खरबी निवासी कमलेश सुरेश माहुले (27) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा मंगलवार दोपहर करीब 3.45 बजे वैष्णो माता नगर स्थित प्लॉट नंबर 13 पर हुआ। यहां एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था और छत पर स्लैब डालने की तैयारी की जा रही थी। कमलेश छत पर काम कर रहा था, तभी वह छत के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद साथी मजदूरों ने उसे तुरंत मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# एसटी बसों की ऑनलाइन बुकिंग पर 15% किराया छूट

### आज से सामान्य यात्रियों को भी मिलेगा लाभ, त्योहारों पर लागू नहीं

**नागपुर.**





एसटी बसों पर निर्भर यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब सामान्य श्रेणी के यात्रियों को भी किराए में छूट का लाभ मिलेगा। 1 जुलाई से एसटी बसों की ऑनलाइन बुकिंग पर 15 प्रतिशत किराए की छूट दी जाएगी। प्रादेशिक व्यवस्थापक ने सोमवार को राज्य के सभी विभाग नियंत्रकों को यह निर्देश जारी किया है। अब तक एसटी की महिला सम्मान योजना के तहत महिला यात्रियों को 50 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को किराए में रियायत दी जाती थी, लेकिन सामान्य यात्रियों के लिए कोई छूट नहीं थी। अब ऑनलाइन आरक्षण पर सामान्य यात्रियों को भी किराए में छूट मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य यात्री संख्या बढ़ाना और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करना है। हालांकि इस नये नियम को त्योहारों के समय लागू नहीं किया जाएगा। लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियों की तरह एसटी बसें भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ता और सुविधाजनक सफर होने के कारण एक समय था जब एसटी बसों में बैठने की जगह नहीं मिलती थी। लेकिन अब तेज ट्रेनों और निजी एसी बसों के मुकाबले में एसटी बसों में यात्री संख्या घट रही है, जिसके परिणामस्वरूप हर साल एसटी प्रशासन को घाटा सहना पड़ रहा है। घाटे को कम करने के लिए एसटी प्रशासन नई योजनाओं के माध्यम से यात्रियों को आकर्षित कर रहा है। पहले वरिष्ठ नागरिक योजना शुरू की गई, फिर महिला सम्मान योजना लागू की गई। इन योजनाओं से यात्री संख्या में वृद्धि हुई, लेकिन सामान्य यात्री अभी भी इससे अछूते थे। अब ऑनलाइन बुकिंग पर 15 प्रतिशत किराए की छूट की योजना 1 जुलाई से लागू होगी।

### यहां भेजे फरमान

यह निर्देश नागपुर, ठाणे, पालघर, रायगड, रत्नागिरी, नाशिक, धुले, जलगांव, पुणे, सातारा, कोल्हापुर, सांगली, सोलापुर, नांदेड, बीड, परभणी, लातूर, जालना, चंद्रपुर सहित राज्य के सभी विभाग नियंत्रकों को भेजा गया है।

### और भी सुविधाजनक होगा सफर

एसटी बसों का सफर पहले से ही सुविधा के लिए जाना जाता है। लेकिन कई बार कुछ जगह जानेवाली बसों में यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा रहने के कारण यात्रियों को सीट नहीं मिल सकती है। परिणामस्वरूप यात्रियों को खडे रहकर जाना पड़ता है। लेकिन अब ऐसी बसों में पहले से टिकट बुक करने पर रीजर्व टिकट कम किराये में मिलने से एसटी का सफर और भी सुविधाजनक हो सकेगा।

## इस महीने विदर्भ में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

**नागपुर.**



विदर्भ में जून महीने में बारिश की धीमी शुरुआत के बाद अब जुलाई में राहत भरी खबर सामने आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नागपुर ने अपने मासिक पूर्वानुमान में बताया है कि जुलाई 2025 में विदर्भ के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक (अबोव नार्मल) बारिश की संभावना है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नागपुर द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, "जुलाई में विदर्भ क्षेत्र में मानसून की सक्रियता तेज होगी और अधिकांश जिलों में व्यापक बारिश देखने को मिलेगी।"

मौसम विभाग ने इसे 'बहुत अधिक संभावना' (वैरी लइकेली) की श्रेणी में रखा है।

**क्या कहता है पूर्वानुमान? :** जुलाई 2025 में विदर्भ में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई गई है। यह पूर्वानुमान सम्भाव्यता आधारित मॉडल (प्रोबबिलिस्टिक मॉडल) पर आधारित है, जिसमें विदर्भ को अबोव नार्मल रेनफॉल जोन में चिह्नित किया गया है। बारिश के साथ मौसम विभाग ने अधिकतम सहित न्यूनतम भी सामन्य से निचे रहने का अनुमान जताया है।

**किसानों के लिए बड़ी राहत :** विदर्भ क्षेत्र, जो कृषि पर अत्यधिक निर्भर है, वहाँ जुलाई में संभावित भारी बारिश किसानों के लिए एक राहत भरा खबर है। जून में बारिश की कमी के कारण कई किसानों को बुवाई रोकनी पड़ी थी, लेकिन अब जुलाई में अच्छी बारिश की उम्मीद से खेती कार्यों में तेजी आने की संभावना है।

## बीएसएनएल सेंटर से 3.35 लाख का कॉपर वायर चोरी

**नागपुर.** वाड़ी थाना क्षेत्र में स्थित बीएसएनएल सेंटर के स्टोर रूम से बड़ी मात्रा में कॉपर वायर चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात आरोपी ने सेंटर से करीब 427 मीटर कॉपर वायर चुरा लिया, जिसकी कुल कीमत 3.35 लाख रुपये आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह चोरी 14 जून की सुबह 6 बजे से लेकर 15 जून की दोपहर 3 बजे के बीच हुई। बीएसएनएल का यह स्टोर रूम पोस्टल कॉलोनी के पास स्थित है। जब स्टॉक की जांच की गई, तो रिकॉर्ड के मुताबिक 427 मीटर कॉपर वायर कम पाया गया। चोरी की भनक लगते ही संबंधित अधिकारियों ने वाड़ी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वहां आने-जाने वालों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस को जल्द ही सफलता मिलने की उम्मीद है।

# बिखरे केबल बने शहर की सुंदरता और सुरक्षा पर कलंक

### प्रशासन से समाधान की मांग

**नागपुर.**



शहर पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहा है, और अब इसमें बेतरतीब बिखरे केबलों की समस्या भी जुड़ गई है जो न केवल हादसों को न्योता दे रही है, बल्कि नागपुर की छवि को भी धूमिल कर रही है। ये केबलें कहीं इलेक्ट्रिक पोलों से लटकी हैं, तो कहीं छतों और गलियों से होकर बेतरतीबी से गुजरती हैं। कुछ जगहों पर तो ये सड़कों पर टूटे और गिरे पड़े हैं, जो राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए जमाअत ए इस्लामी हिंद, नागपुर के मीडिया सचिव और सिटीज़न जर्नलिस्ट डॉ. एम. ए. रशीद ने प्रशासन से अपील की है कि शहरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस ओर शीघ्र कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पारस्परिक सहयोग से एक स्थायी और सुरक्षित समाधान संभव है जिससे न केवल हादसों पर रोक लगेगी बल्कि शहर की सौंदर्यता भी बनी रहेगी। डॉ. रशीद ने प्रशासन से आग्रह किया है कि संबंधित विभाग, केबल ऑपरेटर और नगर निगम मिलकर इस दिशा में सघन अभियान चलाएं, ताकि नागपुर को इन बिखरे केबलों के जाल से मुक्त किया जा सके। इस समस्या का यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो ये अनगिनत अनजानी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। शहर की सुरक्षा, स्वच्छता और सुंदरता को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए और कोई ठोस कार्ययोजना अमल में लाई जाए।

## एमडी पाउडर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** शहर के तहसील थाना अंतर्गत पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर छापामार कार्रवाई करते हुए एमडी पाउडर के साथ एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दिनांक 28 जून को रात लगभग 9:10 बजे की गई। गुप्त सूचना के आधार पर तहसील पुलिस ने पिली मार्बत चौक, जागनाथ बुधवारी, कपीतकर के घर के पास सार्वजनिक सड़क पर जाल बिछाकर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम लखन शैलेष धुरिया (30) पिली मार्बत चौक, जागनाथ बुधवारी, तहसील बताया।

तलाशी के दौरान उसके पैंट की जेब से ज़िप लॉक पन्नी में रखी हुई 8.11 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 81,100 बताई गई है।

# पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों का भावपूर्ण विदाई समारोह संपन्न

**नागपुर.**



शहर पुलिस आयुक्तालय की ओर से सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम हॉल में जून-2025 में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल ने की, जबकि सह पुलिस आयुक्त नविनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त (गुन्हे) वसंत परदेशी, और पुलिस उप आयुक्त (मुख्यालय) डॉ. अश्विनी पाटील विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुल 43 सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी तथा उनके परिवारजनों को सम्मान विदाई दी गई। पुलिस आयुक्त सिंगल ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें और गाना, पेंटिंग जैसे रचनात्मक शौक को समय दें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सेवानिवृत्ति से मिलने वाले आर्थिक लाभों का विवेकपूर्ण निवेश करें। साथ ही, उन्हें समय पर पेंशन और अन्य लाभ मिलने का भी आश्वासन दिया। सहपुलिस आयुक्त नविनचंद्र रेड्डी ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा के दौरान की गई उत्कृष्ट कार्यप्रणाली की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजनों ने भी मंच से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिससे वातावरण अत्यंत भावुक हो गया। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त द्वारा प्रदान किये गए स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र को एक यादगार क्षण मानते हुए, सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं उनके परिवारों ने उनका विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक पुलिस निरीक्षक अमोल दौड ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सहायक पुलिस निरीक्षक निलेश पिंपलशेंडे ने किया।

# शहर में चोरों का आतंक

### चोरी के दो मामले में उड़ाया 5.40 लाख का माल

**नागपुर.**



शहर में चोरों का आतंक जारी है। दो अलग-अलग घटनाओं में, कलमना और मानकापुर थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने बंद घरों को निशाना बनाते हुए नकद और आभूषण सहित करीब 5.40 लाख के माल को चुरा लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**कलमना में 2 लाख से अधिक की चोरी :** कलमना पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू ओमनगर, तलमले ले-आउट, भरतवाडा रोड निवासी विश्वास वासुदेव चिलकूलवार (39) के घर में चोरी की घटना सामने आई है। 27जून की रात 8:30 बजे से 29 जून की दोपहर 1:30 बजे के बीच, जब चिलकूलवार अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के घर म्हालगी नगर गये हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला और कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने बेडरूम में रखी दो अलमारियों से 60,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण सहित कुल 2,05,800 रुपये का सामान चुरा लिया।

**मानकापुर में 3.35 लाख की चोरी, दो घर बने निशाना :** मानकापुर पुलिस थाना क्षेत्र में भी चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। सद्गुरु शरण को-ऑप सोसायटी, गोरेवाडा रोड, मानकापुर निवासी संपतलाल पतीराम मोहोबिया (54 ) के घर में 27 जून की रात 9:30 बजे से 30जून की सुबह 7:00 बजे के बीच चोरी हुई। जब मोहोबिया अपने परिवार के साथ शनि शिंगणापुर और शिरडी दर्शन के लिए गये हुए थे, तब अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया। चोरों ने बेडरूम की अलमारी से 20,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण सहित कुल 2,85,000 रुपये का सामान चुरा लिया। इतना ही नहीं, चोरों ने मोहोबिया की बस्ती में रहने वाले प्रशांत हरिभाऊ गोडबोले (50) प्लॉट नं. 108, माधव नगर, गोरेवाडा निवासी के घर से भी 50,000 रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। इस तरह दोनों घरों से कुल 3,35,000 रुपये का सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में शिकायत मिलने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामलों में गहनता से जांच कर रही है।

# जमीयत उलेमा की ओर से हज यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत

**नागपुर.**



हज यात्रा से लौटे पहले जत्थे का मदीना से नागपुर बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर 3:30 बजे आगमन हुआ। इस अवसर पर जमीयत उलेमा नागपुर की ओर से विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। हज यात्रियों का स्वागत जमीयत के कार्यालय में बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया।

इस दौरान जमीयत उलेमा नागपुर के महासचिव अतीक कुरैशी समेत कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। स्वागत समारोह में शरीफ अंसारी, एजाज पटेल, जियाउर रहमान, आबिद, मोहम्मद फहीम अकरम, मोहम्मद बिलाल अंसारी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। जमीयत उलेमा नागपुर की यह पहल हज से लौटे यात्रियों के सम्मान और समाज में एकजुटता व भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## अमृतकाल के 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर भाजपा का विशेष कार्यक्रम

**नागपुर.** यह दौर केवल योजनाओं का नहीं, बल्कि हर भारतीय की आशा और आत्मनिर्भरता की यात्रा है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया आदि केवल योजनाएं नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान पहुंचाने का प्रयास है। ऐसा भाजपा शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने कहा। भाजपा कामगार मोर्चा की तरफ से गांधीबाग उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत का अमृतकाल: सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम में दयाशंकर तिवारी व विधायक दटके प्रमुखता से उपस्थित थे।

## पूर्व कर्मचारी ने मालिक के चेक से की 6 लाख की धोखाधड़ी

**नागपुर.**

शहर के पांचपावली पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जिसमें एक औषधि व्यवसायी के पूर्व कर्मचारी ने विश्वासघात कर 6 लाख रुपये की चपत लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विनीत विनायक वरघने ( 35) कमाल चौक, पांचपावली निवासी एक होलसेल औषधि विक्रेता है।

वर्ष 2023 से उन्होंने जगदीश समर्थ दहीवले (50)वैशाली नगर निवासी को डिलिवरी व अन्य कार्यों के लिए नौकरी पर रखा था। 27 नवम्बर 2024 को वरघने का दुर्घटना होने के कारण वह घर से ही काम करने लगे थे। इस दौरान आरोपी का उनके घर पर लगातार आना-जाना होता था और वह बैंक संबंधी काम भी संभालता था। आरोपी अकसर पैसे की मांग करता था, जिससे संदेह होने पर वरघने ने हिसाब किया, जिसमें 50,000 रुपये वेतन के अतिरिक्त पाए गए। जब इस बात की जानकारी आरोपी को दी गई, तो उसने उसे स्वीकार नहीं किया और इसी कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया। बाद में, 5 मई 2025 को जब वरघने बैंक गये, तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 6 लाख रुपये निकाले जा चुके हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने उनके द्वारा पूर्व में हस्ताक्षरित चेक को घर से चोरी कर लिया था और उसे बिना अनुमति बैंक में जमा कर नकद राशि निकाल ली।

इस प्रकार आरोपी ने उनके साथ विश्वासघात कर कुल 6 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। वरघने की शिकायत पर पांचपावली पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

# हजरत बाबा ताजुद्दीन के 103वें सालाना उर्स की तैयारी शुरू

### ताजबाग में श्रद्धालुओं के लिए 3 लाख वर्गफुट में भव्य डोम तैयार

**नागपुर.**





हजरत बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह का 103वां सालाना उर्स इस वर्ष 18 जुलाई से 29 जुलाई 2025 तक श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ताजबाग परिसर में 3 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में भव्य डोम और शामियाने तैयार किए जा रहे हैं। कई डोम बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि अन्य पर तेजी से कार्य चल रहा है। उर्स की तैयारियों को लेकर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट द्वारा विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट चेयरमैन प्यारे जिया खान ने की। बैठक में सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, मुस्तफा टोपीवाला, हाजी इमरान खान ताज़ी, फ़ारूक बावला समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### 18 जुलाई को परचम कुशाई

सालाना उर्स की शुरुआत 18 जुलाई सुबह 9 बजे बाबा के पवित्र परचम (ध्वज) कुशाई से होगी। इसके पश्चात 29 जुलाई तक प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम, मिलाद, फातिहा, महफिल, और विशेष दुआएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान परिसर में भव्य मेला भी लगाया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में दुकानदार, जायरीन और श्रद्धालु भाग लेंगे। उर्स के माध्यम से नागपुर का यह ऐतिहासिक स्थल एक बार फिर सांप्रदायिक सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बनेगा। ट्रस्ट द्वारा की जा रही व्यापक तैयारियों से श्रद्धालुओं को भक्ति और सुकून का अद्भुत अनुभव मिलेगा।

**विशेष व्यवस्थाएं :** सचिव ताज अहमद राजा ने जानकारी दी कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मेला ग्राउंड में ठहरने, पार्किंग, शौचालय, जल व्यवस्था, सुरक्षा, और परिवहन जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों के जरिए संपूर्ण परिसर पर निगरानी रखी जाएगी। स्थानीय प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है और जल्द ही अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।

## नाबालिग छात्रा से कार में बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

सदर पुलिस थाना अंतर्गत के दुष्कर्म का मामला सामने आया है जहां प्रेम का झांसा देकर एक नाबालिग छात्रा के साथ कार में बलात्कार किया गया। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 21 जून की सुबह की है। आरोपी की पहचान सुमित उर्फ साहिल मनोहर चंदेल (26) के रूप में हुई है, जो देशमुख ले-आउट, कोंढाली का निवासी है।

पीड़ित 15 वर्षीय छात्रा 16 अप्रैल को अपने परिवार के साथ सुमित के बड़े भाई की शादी में गई थी। वहीं पर दोनों की मुलाकात हुई और बाद में उनकी इंस्टाग्राम पर चैटिंग और बातचीत शुरू हो गई। सुमित ने छात्रा को प्रेम जाल में फंसाया, और 21 जून की सुबह से वह लगातार उससे बात कर रहा था। छात्रा के परिजनों ने सुमित से लगातार बात करने पर उसे फटकारा भी था। इसके बाद सुमित ने छात्रा को धमकाते हुए मनीष नगर में मिलने को कहा। वहां से सुमित छात्रा को अपनी कार में बिठाकर बेलतरोड़ी थाना परिसर के एक सुनसान इलाके में ले गया। वहीं पर उसने कार में ही छात्रा के साथ बलात्कार किया, जिससे उसे चोटें भी आईं। घटना को अंजाम देने के बाद सुमित छात्रा को वहीं छोड़कर फरार हो गया। छात्रा ने किसी तरह मनीष नगर पहुंचकर एक युवक से मदद मांगी और उसके मोबाइल से अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

CMYK

# ऑपरेशन सारथी: ट्रक चालकों का सम्मान

## सुरक्षा और भ्रष्टाचारमुक्त परिवहन व्यवस्था के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

**वाडी.**

देश की आर्थिक प्रगति के असली 'सारथियों'- ट्रक चालकों- के हक और सम्मान के लिए आज से 'ऑपरेशन सारथी' नामक एक सामाजिक अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का नेतृत्व भाईचार राजमार्ग परिवहन सेवा (बीआरपीएस) और गोपाल परिवार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। नागपुर से सिवनी होते हुए भोपाल तक यह अभियान ट्रक चालकों की समस्याओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चला है। इस मुहिम का शुभारंभ आज 30 जून की सुबह नागपुर से हुआ, जिसमें बीआरपीएस के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन और गोपाल परिवार फाउंडेशन के संचालक प्रहलाद अग्रवाल के नेतृत्व में सुनील सिंह, सचिन पांडे और मनीष भी मौजूद रहे।





ऑपरेशन सारथी के प्रमुख उद्देश्य, 1. परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली पर पूर्ण विराम।

2. चालकों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण प्रदान करना। 3. उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और बीमा जैसी सुविधाओं की व्यवस्था। 4. परिवहन विभाग में पारदर्शिता और जनहितकारी नीतियों का समावेश। अभियान की यात्रा और कार्यक्रम, 30 जून 2025: नागपुर से सिवनी तक यात्रा। ट्रक चालकों और परिवहन व्यवसायियों के साथ बैठकों का आयोजन। 3 जुलाई 2025: नागपुर से भोपाल प्रस्थान। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री और विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम:** इस अभियान के अंतर्गत एक खास "सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम" भी शुरू किया जा रहा है, जिसके जरिए बेरोजगार युवाओं को ट्रक चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा और कुशल चालकों की संख्या भी बढ़ेगी।

**संगठन और समाज की एकजुटता:** गोपाल परिवार फाउंडेशन से जुड़ी पांच संस्थाएं और देशभर के मोटर वाहन मालिक, चालक, और ट्रांसपोर्ट व्यवसायी इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। प्रहलाद अग्रवाल का कहना है कि, "अब यह केवल कुछ लोगों की नहीं, बल्कि पूरे ट्रांसपोर्ट जगत की सामूहिक आवाज बन चुकी है। ऑपरेशन सारथी न केवल ट्रक चालकों के अधिकारों की आवाज है, बल्कि यह उन लोगों के लिए भी प्रेरणा है जो समाज में बदलाव लाना चाहते हैं। अगर यह अभियान सफल होता है, तो आने वाले दिनों में परिवहन क्षेत्र एक नई दिशा और पहचान पा सकता है. जहां सारथी को मिलेगा सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान।

### अभियान की पृष्ठभूमि ट्रक चालकों के हक की लड़ाई

देश की हर सड़क, हर शहर और गांव तक जरूरी वस्तुएं पहुंचाने वाले ट्रक चालक आए दिन भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और अनादर का शिकार होते हैं। बीआरपीएस अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा का कहना है कि, "ट्रक चालक देश के विकास की धुरी हैं, लेकिन उनके साथ जो व्यवहार होता है, वह शर्मनाक है। अब वक्त आ गया है कि उन्हें उनका हक और सम्मान दिलाया जाए।"

## कोशिश फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर आयोजित



**कामठी.**

कोशिश फाऊंडेशन की ओर से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 से भी ज़यादा लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व कामठी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष शकुर नागाणी, जिला परिषद बाल कल्याण विभाग समिति पूर्व सभापति अवंतिका रमेश लोकुरवाले, नविन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश प्रधान महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, पूर्व नगरसेवक आरिफ़ सरमतिया आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें। शिविर के सफलतार्थ कोशिश फाऊंडेशन के अध्यक्ष मोहसिन अखतर, उपाध्यक्ष आसिफ अखतर, महासचिव तारिक अहमद, सचिव तंज़ीम अहमद, अब्दुल अनिज, मोहम्मद मोहसिन अब्दुलला, मोनिस अहमद, मोहसिन राजा, आशिफ अहमद, शाहिद अहमद, मुदस्सिर अहमह आदि सदस्यों ने मौजूद रहकर कड़ी मेहनत किए।

## ड्रैगन पैलेस टैंपल जैसी स्वच्छ और सुंदर वास्तुकला महाराष्ट्र में कहीं नहीं: मंत्री संजय सिरसाट

**कामठी.**

महाराष्ट्र राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री संजय सिरसाट रविवार 29 जून को कामठी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध ड्रैगन पैलेस टेम्पल, जो एक लोकप्रिय बौद्ध धार्मिक स्थल है, का सद्भावना दौरा किया।

इस अवसर पर, मंत्री संजय सिरसाट ने मैत्री और शांति के प्रतीक ड्रैगन पैलेस टेम्पल में तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति के सामने मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर नमन किया। उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री और ड्रैगन पैलेस टेम्पल की प्रमुख एड.सुलेखा कुंभारे द्वारा निर्मित वास्तुकला की सराहना करते हुए कहा कि, "आज यहां आकर पता चला कि ध्यान क्या होता है और परिसर को कैसे स्वच्छ रखना है, यह सुलेखा कुंभारे से सीखने को मिला।

सुलेखा कुंभारे को भेंट दौरान आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ड्रैगन पैलेस टेंपल परिसर जैसा सुंदर और स्वच्छ परिसर महाराष्ट्र में कहीं नहीं है। उन्होंने उपासक-उपासिकाओं को भी शुभकामनाएं दीं और साथ ही यह भी कहा कि तथागत गौतम बुद्ध द्वारा दिए गए उपदेशों को सभी को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर, पूर्व राज्य मंत्री और ड्रैगन पैलेस टेम्पल की प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे ने सामाजिक न्याय मंत्री संजय सिरसाट का पुष्पगुच्छ, शॉल और तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया। साथ ही, सामाजिक न्याय विभाग मंत्रालय के प्रधान सचिव हर्षदीप कांबले का भी स्वागत किया गया।



इस मौके पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के महासचिव और कामठी नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, हरदास हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक देवेंद्र जगताप, दादासाहेब कुंभारे विद्यालय नेरी के प्रधानाध्यापक राजेश ग़जभिये, ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंबरिन फातिमा, दादासाहेब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य सागर भावे, ड्रैगन पैलेस विपश्यना मेडिटेशन सेंटर के धम्मसेवक और धम्मसेविकाएं, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केंद्र के सुनील वानखेड़े, ड्रैगन पैलेस टेम्पल के धम्मसेवक राजेश शंभरकर, समाज कार्य महाविद्यालय की प्राचार्या रुबीना अंसारी ने भी सामाजिक न्याय मंत्री संजय सिरसाट का स्वागत किया।

इस अवसर पर अफजल अंसारी, दिनेश बंसोड, विष्णु ठवरे, अहफाज अहमद, विनोद जुगडे, संजय सुके, प्रफुल वासे, अमित चव्हाण, अजित बागडे, भैयालाल भोयर, अरविंद वंजारी, रोशन वंजारी, विजय अलोने, अजमत अंसारी, सावला सिंगाडे, रजनी गजभिये, रेखा पाटील, उषा भावे, देवांगना गजभिये, माया मानवटकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## खेत में करंट-प्रवाहित तार छूने से युवक की दर्दनाक मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोंढाली.**

काटोल तहसील के अंतर्गत आने वाले पंचधार (प.ह. क्रमांक 51) में एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय खेतिहर युवक गौरव खुशाल निशाने की बिजली के करंट से मौत हो गई। यह हादसा रविवार, 29 जून की शाम करीब 4:30 बजे उस समय हुआ जब गौरव खेत में काम कर रहा था और खेत की मेढ़ पर पड़े करंट प्रवाहित बिजली के तार को छू बैठा।

गौरव पंचधार स्थित किसान अमित तमनोजी जगताप के खेत (सर्वे क्रमांक 252) में मजदूरी कर रहा था। हादसे के तुरंत बाद खेत में मौजूद अन्य मजदूर ने उसे गंभीर अवस्था में कचारी सावंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। वहाँ से गौरव को तुरंत काटोल ग्रामीण अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के बड़े पिता श्रवण माणिकराव निशाने ने कोंढाली पुलिस स्टेशन में रात 10 बजे औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही ऑन-ड्यूटी पुलिस उपनिरीक्षक धवल देशमुख अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और मौके का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए काटोल ग्रामीण अस्पताल भेजा। हादसे से एक नई जानकारी भी सामने आई है कि किसान अमित तमनोजी जगताप ने 27 जून को ही संबंधित बिजली सबस्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खेत में बिजली पंप शुरू नहीं हो रहा है क्योंकि डीपी पर थ्री-फेज करंट पूरी तरह से प्रवाहित हो रहा है। यह आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से खेत की मेढ़ पर तारों में करंट दौड़ रहा था। कोंढाली बिजली उपविभागीय अधिकारी प्रणव कुरेवार से जब इस संबंध में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ही सटीक जानकारी दी जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और अधिक स्पष्ट होगी। इस हादसे की जांच कोंढाली थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक धवल देशमुख, एएसआई राजकुमार कोल्हे और अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही है।



यह घटना प्रशासन की लापरवाही और बिजली विभाग की सुस्ती की ओर संकेत कर रही है, जिसमें एक निर्दोष युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी।

## वलनी में अवैध धंधों का बोलबाला, पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

**खापरखेडा.**

नागपुर जिले के खापरखेडा क्षेत्र अंतर्गत वलनी वेकोली परिसर में इन दिनों अवैध शराब बिक्री, सट्टा, गांजा और रेत चोरी जैसे गैरकानूनी धंधों का बोलबाला देखने को मिल रहा है। पहले से ही अपराधों के लिए कुख्यात यह इलाका अब एक बार फिर सुर्खियों में है. लेकिन इस बार पुलिस की निष्क्रियता और मिलीभगत के आरोपों के चलते।

बंद पड़ी कोयला खदानों के आसपास की जर्जर कॉलोनियों में कुछ बाहरी तत्वों ने इस क्षेत्र को अपराधों का सुरक्षित अड्डा बना लिया है। हैरानी की बात तो यह है कि यहां 24 घंटे कार्यरत पुलिस चौकी होते हुए भी, इन गैरकानूनी गतिविधियों पर कोई लगाम नहीं लग रही है। इससे स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है, तो यह लापरवाही नहीं बल्कि संदिग्ध भूमिका का संकेत है। क्षेत्र में यह चर्चा आम हो चुकी है कि कहीं न कहीं इस पूरे मामले में आर्थिक 'संरक्षण' भी हो सकता है। खापरखेडा औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां आबादी घनी है और बाहरी लोगों का आवागमन भी बढ़ा है। यही वजह है कि गैरकानूनी गतिविधियों को एक तरह की 'छूट' मिल रही है। ढाबों और होटलों में बिना अनुमति के शराब का सेवन खुलेआम किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। पुलिस विभाग का आदर्श वाक्य "सद्रक्षणाय खलनिग्रहणाय" यानी "सज्जनों की रक्षा और दुर्जनों का दमन". आज के हालात में केवल एक दिखावा प्रतीत हो रहा है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस सज्जनों की नहीं, अब दुर्जनों की ही सुरक्षा करती नजर आ रही है।



अब सवाल यह है कि क्या पुलिस विभाग इस गंभीर स्थिति पर कोई ठोस और सख्त कार्रवाई करेगा? या यह मुद्दा हमेशा की तरह एक बार फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? जनता के मन में यह सवाल गहराई से घर कर चुका है। आने वाले दिनों में यदि प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो यह इलाका पूरी तरह से अपराध का गढ़ बन सकता है।

## नाना पटोले को लगा झटका, महायुति समर्थित सहकार पॅनल के 12 उम्मीदवारों को मिली जीत

**गोंदिया.** गोंदिया जिला केंद्रीय बैंक चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। चुनाव में विधायक और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को बड़ा झटका लगा है। बैंक चुनाव में महायुति समर्थित सहकर पैनल के 12 उम्मीदवारों को जीत मिली है। वहीं नाना पटोले समर्थित मात्र आठ उम्मीदवार ही जीत सके। ज्ञात हो कि, बैंक चुनाव में दिग्गजों के उतरने से चुनाव बेहद रोमांचक हो गया था। बैंक चुनाव प्रफुल्ल पटेल, परिणय फुके और नाना पटोले के लिए यह प्रतिष्ठा का चुनाव बन गया था। हालांकि, अभी दो उम्मीदवारों के वोटों की री-काउंटिंग चल रह है।

## वंचित बहुजन आघाड़ी की बैठक संपन्न, सम्मेलन स्थगित और चुनावी रणनीति पर चर्चा

**हिंगनघाट.**

वंचित बहुजन आघाड़ी की हिंगनघाट और समुद्रपूर तहसील की संयुक्त बैठक शनिवार को शासकीय विश्रामगृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हिंगनघाट तालुका अध्यक्ष विवेक कांबले ने की, जबकि विदर्भ समन्वयक किशोर खैरकर और वर्धा जिला प्रमुख मार्गदर्शक अशोक रामटेके विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशाल शेंडे और कुणाल वासेकर की भी विशेष उपस्थिति रही।

4 जुलाई का सम्मेलन स्थगित, अब 15 जुलाई के बाद होगा आयोजन बैठक में 4 जुलाई को के.जी.एन. हॉल, हिंगणघाट में प्रस्तावित वंचित बहुजन आघाड़ी का सम्मेलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय पार्टी की नई जिला कमेटी के गठन की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए लिया गया, जो कि 15 जुलाई तक पूरी होने की संभावना है। अब यह मेळावा 15 जुलाई के बाद नए सिरे से आयोजित किया जाएगा। स्थानीय स्वराज्य चुनावों के लिए तैयारी तेज बैठक में आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक मजबूती पर विशेष चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने एकमत से निर्णय लिया कि पार्टी आने वाले चुनावों में पूरी ताकत के साथ भाग लेगी और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। जनहित की मांगों को मिला समर्थन बैठक में जनहित से जुड़ी दो अहम मांगों को समर्थन दिया गया।

पहली, जाम में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से नामांकित किया जाए। दूसरी, चंद्रपूर की ऐतिहासिक दीक्षाभूमि को विस्तार देने के लिए चांदा क्लब ग्राउंड को उपलब्ध कराया जाए। इनकी रही प्रमुख उपस्थिति ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रवि कांबले, राजू धाबर्डे और पंकज भगत ने बैठक में हिस्सा लिया। वहीं, बैठक में अश्वजीत भगत, चक्षुमन बुरबुरे, मंगेश मानवटकर, स्वप्नील येसांबरे, ललित धानवीज, शैलेश मेंढे, निर्धार शिरसाट, अजय डांगरे, लोमेश बोबडे और रवि सोनकुसरे जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक का समापन संगठन की एकजुटता और आगामी कार्ययोजना पर सहमति के साथ किया गया।

## हिंगनघाट फ्लाईओवर पर फिर बना खतरनाक गड्ढा, राष्ट्रवादी नेताओं ने किया निरीक्षण

### > 1 जुलाई को रास्ता रोको आंदोलन का ऐलान

**हिंगनघाट.**

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर स्थित हिंगनघाट के नांदगांव चौक के पास बने फ्लाईओवर पर एक बार फिर बड़ा गड्ढा बन गया है। यह वही पुल है जिसका उद्घाटन चार वर्ष पूर्व तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। गड्ढा सड़क की आर-पार सतह को प्रभावित कर रहा है, जिससे बड़े हादसे की आशंका गहराती जा रही है।

इस फ्लाईओवर की गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठे थे, और अब दूसरी बार गड्ढा उभरने से यह साबित हो रहा है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं हुई हैं। खासकर जब यह पुल देश के सबसे व्यस्त राष्ट्रीय मार्गों में गिने जाने वाले नागपुर-कन्याकुमारी मार्ग पर स्थित है, जहां दिन-रात भारी ट्रैफिक चलता है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले ने रविवार को फ्लाईओवर स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।





निरीक्षण के बाद उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग दोहराई। अतुल वांदिले ने कहा कि "यह पुल आम नागरिकों की जान से खिलवाड़ करने वाला बन चुका है। यह गड्ढा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते।" उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार ने इस मामले में तुरंत ठोस कार्रवाई नहीं की तो 1 जुलाई को राष्ट्रवादी पार्टी की ओर से 'रास्ता रोको आंदोलन' किया जाएगा। इस निरीक्षण के दौरान पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में इस लापरवाही के खिलाफ रोष व्यक्त किया। फिलहाल यह सवाल उठ रहा है कि क्या केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इस निर्माण कार्य में अनियमितता के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाएंगे? साथ ही, यह भी देखा जाना बाकी है कि संबंधित एजेंसियां इस बार इस गंभीर मुद्दे पर क्या निर्णय लेंगी।

पुल की यह स्थिति ना सिर्फ निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है बल्कि इसके पीछे छिपे संभावित भ्रष्टाचार की भी पोल खोलती है। जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक इस तरह की घटनाएं दोहराती रहेंगी और आम जनता की जान खतरे में बनी रहेगी।

## खंडाला में सड़क निर्माण कार्य की देरी से नाराज किसान आंदोलन की राह पर

**समुद्रपूर.**

खंडाला से लाहोरी तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मंजूर हुई 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इस कार्य में हो रही अनावश्यक देरी से नाराज किसानों ने अब आंदोलन का रास्ता चुनने का फैसला किया है।

जानकारी के अनुसार, यह सड़क ग्रामीणों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है, लेकिन मंजूरी के 7-8 महीने बीत जाने के बाद भी इसका काम शुरू नहीं हुआ है। कुछ दिन पहले ठेकेदार द्वारा महज 5 दिनों के लिए जेसीबी मशीन लगाकर सड़क की खुदाई की गई और मुरूम के ढेर बीच रास्ते में छोड़ दिए गए। इससे किसानों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है और खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों और किसानों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से संपर्क कर काम शुरू करने की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन देकर टाल दिया गया। अब किसानों का सब्र टूट चुका है। खंडाला गांव के युवा किसान संदीप झाडे, प्रशांत झाडे, नितेश मुले, सुदेश जवादे, सतेश्वर रणदिवे, सुनील झाडे, विष्णू झाडे, अरुण कुत्तरमारे, विशाल पौळकर और मयूर झाडे ने मिलकर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि अगर प्रशासन ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया, तो वे मजबूर होकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। गांव में नाराजगी का माहौल है और किसानों की मांग है कि निर्माण कार्य की ठोस समयसीमा घोषित कर उसे तत्काल शुरू किया जाए।



यह मामला न सिर्फ ग्रामीण विकास की अनदेखी को दर्शाता है, बल्कि यह भी सवाल खड़े करता है कि सरकार की योजनाएं आखिर जमीन पर कब उतरेंगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे।

## जानवर अस्पताल के मैदान में जानवर बांधने पर कार्रवाई की मांग

**कामठी.**



बुनकर कॉलोनी जानवर अस्पताल मैदान, जहाँ बच्चे फुटबॉल खेलते हैं, वहाँ कुछ लोग जबरन गाय और भैंसों को बाँध रहे हैं। इससे बच्चों को खेलने में परेशानी हो रही है और अस्पताल के कमरों का भी जानवरों को रखने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि बच्चों को खुले मैदान में खेलने का अधिकार है, और जानवरों के अतिक्रमण से यह अधिकार छीना जा रहा है। अस्पताल परिसर और मैदान सार्वजनिक संपत्ति हैं, और उनका इस तरह से दुरुपयोग करना गलत है।

## धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की वैधता की जांच की

### थानेदार त्रिपाठी ने दिए सख्त निर्देश

**कोंढाली.**

कोंढाली पुलिस स्टेशन में 28 जून को दोपहर 3.30 बजे एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें थानेदार राजकुमार त्रिपाठी ने कोंढाली क्षेत्र के सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस बैठक का उद्देश्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की वैधता की जांच करना था। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर उचित अनुमति के बाद ही लगाए गए हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान जिन स्थलों पर बिना अनुमति या मानक से अधिक ध्वनि वाले लाउडस्पीकर पाए गए, उन्हें तुरंत आवाज कम करने व अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।



थानेदार त्रिपाठी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और "ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000" के तहत निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है। औद्योगिक क्षेत्रों में: दिन में 75 डेसिबल, रात में 70 डेसिबल व्यावसायिक क्षेत्रों में: दिन में 65 डेसिबल, रात में 55 डेसिबल आवासीय क्षेत्रों में: दिन में 55 डेसिबल, रात में 45 डेसिबल उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से आपसी संवाद और समन्वय के आधार पर लाउडस्पीकर की ध्वनि नियंत्रित रखने की अपील की। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना अनुमति लगे लाउडस्पीकरों को वैधता दिलाने के लिए संबंधित विभागों से अनुमति लेना अनिवार्य है। थानेदार त्रिपाठी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि किसी स्थल पर इन निर्देशों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में कोंढाली थाना क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के समापन पर ना.पो.शि. अमित पवार ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। यह अभियान क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# डॉ. श्वेता सिंघल को सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम शिंदे ने किया सम्मानित

**अमरावती, राजेश मालवीय**




नागपुर में आयोजित महा-स्ट्राईड कार्यशाला में अमरावती विभाग की विभागीय आयुक्त डॉ. श्वेता सिंघल का "राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों के लिए मुख्य प्रदर्शन संकेतक (की परफॉरमेंस इंडीकेटर्स) तय करने" विषय पर उत्कृष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों सत्कार किया गया। भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर में विभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों तथा अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारियों की विश्व बैंक सहायतित महा-स्ट्राईड प्रकल्प के संदर्भ में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस सत्कार अवसर पर अमरावती के जिलाधिकारी आशिष येरेकर, अकोला के जिलाधिकारी अजित कुंभार, यवतमाल के जिलाधिकारी विकास मीना, बुलढाणा के जिलाधिकारी डॉ. किरण पाटील, वाशिम की जिलाधिकारी बुवनेश्वरी एस. समिति सदस्य के रूप में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना से साकार किये गए इस प्रकल्प के अंतर्गत राजस्व विभाग के माध्यम से विभिन्न प्रशासकीय विभागों की कार्यप्रणाली, योजनाओं की प्रभावशीलता, कार्यक्षमता का मूल्यांकन तथा सूचना प्रबंधन प्रणाली का गहन अध्ययन कर सुधारात्मक उपाय एवं अनुशंसा प्रस्तुत करने के लिए राज्य के छह विभागीय आयुक्तों की अध्यक्षता में विषयवार समितियाँ गठित की गई थीं। इनमें अमरावती विभाग की समिति को "विभिन्न संवर्गों के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों के लिए मुख्य प्रदर्शन संकेतक (की परफॉरमेंस इंडीकेटर्स) तय करने" जैसा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सौंपा गया था।

इस समिति को सौंपी गई जिम्मेदारी पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री की प्रेरणा प्राप्त हुई। अपर मुख्य सचिव (राजस्व) ने समय-समय पर मार्गदर्शन किया। रजिस्ट्रेशन महानिरीक्षक, जमाबंदी आयुक्त और भूमि अभिलेख संचालक के साथ मूल्यवान चर्चा की गई। इन सभी प्रयासों के कारण राजस्व विभाग जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग के लिए महाराष्ट्र की प्रगतिशील विचारधारा को प्रेरणा देने वाले प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों का निर्माण संभव हुआ। उपसमिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यों ने अथक परिश्रम किया, जिसके कारण यह कार्य (केपीआई रिपोर्ट) बहुत ही कम समय में पूर्ण हो सका, ऐसा वक्तव्य विभागीय आयुक्त डॉ. श्वेता सिंघल ने सत्कार के अवसर पर दिया। समिति द्वारा तैयार किए गए मुख्य प्रदर्शन संकेतकों (की परफॉरमेंस इंडीकेटर्स) की यदि अमल में लाया गया, तो विभाग के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को अपने कार्य की स्पष्टता प्राप्त होगी तथा उनके कार्य का मूल्यांकन अधिक सटीकता से किया जा सकेगा, ऐसा विश्वास विभागीय आयुक्त डॉ. सिंघल ने व्यक्त किया।

# महिलाओं ने की ओमनगर दुर्गा मंदिर में आषाढ़ी पूजा

**कामठी.**



आषाढी एकादशी के पावन अवसर पर महिलाओं ने रणाला स्थित ओमनगर दुर्गा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी, जिसमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय थी। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विशेष रूप से आषाढी एकादशी के महत्व को समझते हुए भजन-कीर्तन किये और सुख-समृद्धि की कामना की।

महिलाओं ने मिलकर आरती का आयोजन भी किया। यह अवसर महिलाओं के लिए धार्मिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक बन गया, जहां उन्होंने एक साथ मिलकर ईश्वर का स्मरण किया और अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर रणाला ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच स्वर्णा प्रशांत साबरे, ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति की कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकान्त सिंधिया पाण्डेय, सदस्य नीलम राजकुमारसिंह बघेल, सदस्य भारती मनोज ठाकरे, रागिनी पिल्ले, वीणा सौमित्र नंदी, सीमा अनिल खंडेलवाल, राजश्री अमृतकर, सुषमा राजेंद्र चोंदे, मंगला ढेंगे, आशा गुप्ता, सपना अग्रवाल, डिम्पल सोलंकी, सुनीता द्विवेदी, ऊषा वंजारी, साधना काले, उज्वला कूथे, त्रिवेणी लोंदे, उमा निलेश अग्रवाल, जयश्री महेंद्र, सविता मस्के, उमा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, मंजू शाहू आदि महिलाएं प्रमुखता से उपस्थित रही।

# शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में 'वीडियो रिकॉर्डिंग' अनिवार्य!

**अमरावती.**

स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा दूसरे चरण की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पवित्र प्रणाली के माध्यम से शुरू की गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उम्मीदवार का साक्षात्कार और अध्यापन कौशल की जांच — इन सभी की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है।

विशेष बात यह है कि इस रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर रखना अनिवार्य होगा। राज्य की पवित्र प्रणाली के माध्यम से स्थानीय स्वशासी संस्थाओं और निजी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक पदों की भर्ती की जा रही है।

पहले चरण की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब दूसरे चरण के तहत रिक्त पदों में से 80% पदों को भरने की अनुमति दी गई है। इस अनुसार, राज्य के प्रबंधन संस्थानों को पोर्टल पर विज्ञापन प्रकाशित करने की सुविधा प्रदान की गई थी। उस अनुसार, शिक्षण सेवकों और शिक्षकों की रिक्त पदों के लिए पोर्टल पर विज्ञापन प्रकाशित किये गए।

इन विज्ञापनों के अनुसार, संबंधित पदों की आरक्षण स्थिति, अध्यापन विषय, माध्यम और उम्मीदवारों द्वारा दिये गए प्राथमिकताओं आदि के आधार पर पोर्टल द्वारा सामान्य गुणवत्ता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार की गई है।

इस सूची के अनुसार साक्षात्कार और अध्यापन कौशल के लिए अंक प्रदान किये गए हैं।

इस चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और एकरूपता बनाए रखने के लिए एक "स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी)" तय की गई है। इस मार्गदर्शिका का पालन करते हुए ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की कार्यवाही की जाएगी। शिक्षक भर्ती पारदर्शी और निष्पक्ष हो, इसके लिए उम्मीदवारों का अंतिम चयन साक्षात्कार और अध्यापन कौशल के आधार पर आरक्षण और विषय को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

### आत्महत्या पीड़ित किसानों के बच्चों को प्राथमिकता

साक्षात्कार के समय आवश्यक अंकों के मूल्यांकन की प्रक्रिया के बाद यदि दो या अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होते हैं, तो उनमें आत्महत्या पीड़ित किसानों के पाल्य को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी। यदि समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में ऐसा कोई पाल्य नहीं है, तो उनमें आयु में वरिष्ठ उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बावजूद यदि ये दोनों स्थितियाँ भी समान रहती हैं, तो शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यता में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

### चयन प्रक्रिया के दस्तावेजों का भी रखाव अनिवार्य

चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में साक्षात्कार और अध्यापन कौशल की जांच के लिए संबंधित कक्ष या कक्षा में पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य की गई है, जिसे संग्रहीत कर सुरक्षित रखना भी अनिवार्य होगा। इसके साथ ही चयन प्रक्रिया के सभी दस्तावेज तैयार करके उन्हें भी सुरक्षित रखने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं।

# अमरावती शहर युवक कांग्रेस का स्वच्छता अभियान

## गांधीगीरी करके उठाई आवाज, शहर के दिग्गज कांग्रेस नेता एकजुट होकर हुए शामिल

**अमरावती.**




शहर में जगह-जगह फैले कचरे, मनपा की उपेक्षा से बढ़ती गंदगी और कुछ ठेकेदारों की मनमानी के खिलाफ अमरावती शहर युवक कांग्रेस द्वारा 'गांधीगीरी' के तरीके से आवाज़ उठाते हुए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिनांक 19 जून 2025 से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। इसके अगले चरण के तहत 29 जून रविवार को सर्किट हाउस के पीछे का परिसर, लाल बंगला क्षेत्र, हरी ओम कॉलोनी, व्यंकय्यापुरा क्षेत्र में जमा कचरे के ढेरों की सफाई की गई। शहर के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले शासकीय विश्रामगृह के पीछे के मुख्य मार्ग पर बड़ी मात्रा में कचरा जमा था। युवक कांग्रेस द्वारा आंदोलन की चेतावनी देने के बाद, मनपा ने अपनी यंत्रणा सक्रिय कर इस स्थान पर सफाई कार्य शुरू किया। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर मनपा की मदद से इस क्षेत्र में कचरा हटाकर स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी युवक कांग्रेस के आह्वान पर अच्छी प्रतिक्रिया दी और अभियान का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पालकमंत्री डॉ. सुनील देशमुख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष बबलु शेखावत, पूर्व महापौर विलासभाऊ इंगोले, पूर्व महापौर मिलिंद चिमोटे, पूर्व महापौर अशोकराव डोंगरे, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष जयश्री वानखडे, पूर्व नगरसेवक बंडूभाऊ हिवसे, पूर्व नगरसेवक विजय वानखडे, पूर्व नगरसेविका शोभाताई शिंदे, सचिन निकम सहित कांग्रेस पदाधिकारी राजेश वानखडे, बालासाहब राऊत, डॉ. गुणवंत डहाणे, देशमुख काका, सोमवंशी, पवन सराफ, मंगेश भुयार, सुनील डहाणे, अनिरुद्ध पुसदेकर, रोडे काका, संजू पवार, प्रथम निकम, राजेंद्र जगताप, घारड काकु, अशोक रेड्डी, संजय मोरे, अब्बास हाजी, मुजाहिद हुसैन, जकारिया खान, शकील भाई, अफजल पठान, एजाज बशीत, मजीद भाई भूरा, कलीम शाह, रफीक ठेकेदार, निलेश इंगले, गुड्डू चौधरी और अन्य स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

युवक कांग्रेस के इस शहर स्वच्छता अभियान में समीर जवंजाल, निलेश गुहे, वैभव देशमुख, योगेश बुंदेले, नितीन काले, संकेत साहू, आकाश धुराटकर, आकाश गेडाम, धनंजय बोबडे, संकेत भेंडे, शुभम बांबल, मोहित भेंडे, केदार भेंडे, श्रेयस धर्माले, शंतनु देशमुख, प्रियल मोहोड, अंकुश टोपले, कृणाल गावंडे, वेदांत केने, ओम कुबडे, रुत्विक देशमुख, शुभम हिवसे, चेतन कांडलकर जैसे युवक कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

# निःशुल्क कर्ण बाधिर्य शिविर में 90 रुग्णों की जांच, 10 को श्रवण यंत्र वितरित



**नागपुर.**

आयुर्वेद महाविद्यालय एवं पक्वासा समन्वय रुग्णालय के शालाक्य विभाग द्वारा भारतीय वैद्यकीय समन्वय समिति के तत्वावधान में स्व. वैद्य शिवकरण शर्मा छांगाणी की शताब्दी पुण्यजयंती स्मृति में 7 जून से 16 जून तक निःशुल्क कर्ण बाधिर्य एवं ऑडियोमेट्री शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पीजी हॉल, आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें 90 रुग्णों की निःशुल्क जांच की गई तथा 10 चयनित रुग्णों को निःशुल्क श्रवण यंत्र वितरित किये गए। एक रुग्ण की शस्त्रक्रिया ईएनटी सर्जन डॉ. बी.के. शर्मा द्वारा निःशुल्क की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैद्यनाथ भवन के प्रबंध संचालक सुरेश शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में खादी एवं ग्रामोद्योग, भारत सरकार के सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री जयप्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में अनिल मालवीय (सचिव, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज कैंसर हॉस्पिटल) एवं डॉ. गोविंदप्रसाद उपाध्याय (सचिव, भा.वै.स. समिति) मंच पर उपस्थित थे। सुरेश शर्मा ने स्व. वैद्य छांगाणी को आयुर्वेद का "प्रकाश पुंज" बताते हुए कहा कि उनका जीवन रुग्णसेवा को समर्पित था और वे आयुर्वेद के भीष्म पितामह के रूप में जाने जाते थे। आगामी शताब्दी वर्ष में उनकी स्मृति में और भी जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शिविर में डॉ. देवयानी ठोकल (प्रभारी प्राचार्य), डॉ. गोविंद तुंडलवार (विभागाध्यक्ष, शालाक्य तंत्र), डॉ. मृत्युंजय शर्मा (उपप्राचार्य) व डॉ. जयकृष्ण छांगाणी (समारोह समन्वयक) सहित अन्य संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर छात्र एवं स्वयंसेवकों ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मृत्युंजय शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. जयकृष्ण छांगाणी ने किया।

यह शिविर समाज के श्रवण बाधित वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ और इसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आयुर्वेद महाविद्यालय का योगदान सराहनीय रहा।

# कमिंस कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नागपुर.**



योग और जीवन पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 25 जून 2025 को महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षा संस्था कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर विमेन, नागपुर में उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज ने जनार्दन स्वामी योगाभ्यासी मंडल, राम नगर, नागपुर के सहयोग से योग दिवस मनाया। इस सत्र का विषय योग फॉर वेल बीइंग (स्वास्थ्य) और एकाग्रता (एकाग्रता) तय किया गया था। इस सत्र के मुख्य अतिथि मंडल के अध्यक्ष रामभाऊ खांडवे गुरुजी थे। कार्यक्रम का संचालन योगाभ्यासी मंडल की शिक्षिका सोनाली कड़वे ने किया। इसकी शुरुआत योग गीता पर प्रस्तुत विभिन्न आसनों से हुई। इसकी शुरुआत उच्चित विवेकासन और शारीरिक क्रिया से हुई। बाद में ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्यनमस्कार जैसे विभिन्न खड़े आसन किये गए। तत्पश्चात, वज्रासन, सर्वांगासन, पश्चिमोत्तानासन, सर्पासन, पद्मासन, गोमुखासन जैसे आसन किये गए। प्राणायाम और ओंकार जाप के साथ इसका समापन हुआ। योगाभ्यास के बाद, रामभाऊ खांडवे गुरुजी ने छात्रों और कर्मचारियों को मार्गदर्शन दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सत्र स्थल पर योग से संबंधित विभिन्न उद्धरणों पर पोस्टर तैयार किए और प्रदर्शित किये । सत्र में कुल 66 छात्र और 24 प्रोफेसर शामिल हुए। इस अवसर पर रामभाऊ खांडवे गुरुजी को डीन (अकादमिक) प्रो. संजीवनी शास्त्री द्वारा शॉल और एक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। प्रो. आनंद देशकर और प्रो. साक्षी खामनकर के मार्गदर्शन के साथ-साथ खेल शिक्षक श्री प्रशांत मस्के के मार्गदर्शन में एनएसएस टीम द्वारा किये गए प्रयासों के कारण, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ।

# पांढुर्णा जिले में 'मन की बात' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## 507 बूथों पर जन-जन ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरक बातें

**सौंसर.**



सौंसर विधानसभा क्षेत्र देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" को पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्रों के सभी 507 बूथों पर उत्साहपूर्वक सुना गया। ग्राम बानाबाकोड़ा के बूथ क्रमांक 143 पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना और केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्रधानमंत्री के विचारों को आमजन तक पहुंचाना था, बल्कि समाज सेवा, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाना भी था। इस दौरान जिले के सभी 12 मंडलों के बूथों पर भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों और ग्रामीण नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

**प्रमुख उपस्थितियाँ:** : कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, सरपंच रशिका जीवनदान बेन्डे, मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, रामराव बेंडे, शंकर निंबुरकर, शाताराम बेंडे, शेषराव राउत, कल्पना डहाके, प्रदीप माहेश्वरी, प्रेमराज कोठे, पंढरी जूनघरे, दिलीप ठाकरे, ज्ञानेश्वर इवनाती, देविदास बेन्डे, शांताराम डहाके, जगदीश सकरड़े, सुधाकर काले, धर्मेंद्र घाघरे, राजेश बागड़े, अक्षय ठाकरे, अप्सरा बागड़े, सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पंचगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि "मन की बात" केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो देशवासियों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करता है और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रबल करता है।

# 40 वर्षीय विधवा की संदिग्ध मौत


**गोंदिया.** 40 वर्षीय विधवा की संदिग्ध मौत हो गई है और इस मामले में गोंदिया की रावनवाड़ी पुलिस ने गड्ढे में दबी लाश को बाहर निकाला है. मृतक महिला का नाम भारती शहारे (40) है जो दासगांव की रहने वाली है. मृतक महिला भारती शहारे के पति की एक साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी. उसके बाद वह अपने बेटे के साथ दासगांव में रह रही थी. इसी बीच 27 जून को उसकी मौत हो गई. और 27 जून को ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया. हालांकि आज 29 जून को पुलिस ने संदेह के आधार पर गड्ढे में दबी लाश को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह सामने आएगी.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 268-6 | 147-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 669-1 | 290-1 |

# महावितरण की 'गो-ग्रीन' योजना में 5 लाख उपभोक्ता शामिल

**अमरावती.**

कम वोल्टेज श्रेणी के उन ग्राहकों ने, जिन्होंने बिजली बिल के लिए छपे हुए कागज़ का उपयोग पूरी तरह बंद कर केवल 'ईमेल' और 'एसएमएस' का विकल्प चुना है, महावितरण की 'गो-ग्रीन' योजना में 5 लाख का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है। इस योजना में अमरावती परिमंडल के अंतर्गत अमरावती जिले के 8,400 और यवतमाल जिले के 5,593 ग्राहक शामिल हैं। सोमवार (30 जून) तक इस योजना में कुल 5,03,795 ग्राहक शामिल हो चुके हैं, जिन्हें 6 करोड़ 4 लाख 55 हजार रुपये का वार्षिक लाभ प्राप्त हो रहा है। पर्यावरण को सहयोग देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना में शामिल होने के लिए ऑनलाइन सुविधा महावितरण के मोबाइल ऐप और www.mahadiscom.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक




लोकेशचंद्र ने उपभोक्ताओं से इस पर्यावरण हितैषी योजना में भाग लेकर योगदान देने की अपील की है।

**वार्षिक 120 की बचत :** 'गो-ग्रीन' योजना के माध्यम से महावितरण द्वारा छपे हुए बिलों का उपयोग कम करने पर जोर दिया गया है। जो ग्राहक ईमेल और एसएमएस के माध्यम से बिल प्राप्त करने का विकल्प चुनते हैं, उन्हें प्रत्येक बिल पर 10 की छूट मिलती है। इससे ग्राहकों को वर्ष भर में 120 का लाभ होता है। विशेष बात यह है कि अब यह 120 की छूट पहले ही बिल में एकमुश्त प्रदान की जाती है, जबकि पहले यह राशि हर महीने 10 के रूप में दी जाती थी।

### पर्यावरणप्रेमियों की बढ़ती भागीदारी

राज्यभर में अब तक 5,03,795 पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहक इस योजना में शामिल हो चुके हैं, जिससे उन्हें कुल 6.04 करोड़ का वार्षिक लाभ हो रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी और लाभ इस प्रकार है: पश्चिम महाराष्ट्र – 2,01,233 ग्राहक (2.42 करोड़), कोकण – 1,13,254 ग्राहक (1.36 करोड़), उत्तर महाराष्ट्र – 70,226 ग्राहक (84.27 लाख), विदर्भ – 63,731 ग्राहक (76.47 लाख), मराठवाड़ा – 55,351 ग्राहक (₹66.42 लाख).

### 'गो-ग्रीन' योजना के लाभ

महावितरण की प्रणाली में बिल तैयार होते ही उसे पंजीकृत ईमेल और मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भेजा जाता है। बिल की तिथि से 7 दिनों के अंदर भुगतान करने पर 1% अतिरिक्त छूट प्राप्त होती है। उपभोक्ता ईमेल से प्राप्त बिल को डिजिटल रूप में संग्रहित कर सकते हैं। महावितरण की वेबसाइट पर वर्तमान और पिछले 11 महीनों के बिल (कुल 12 माह) मूल स्वरूप में उपलब्ध रहते हैं, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड या रंगीन प्रिंट किया जा सकता है। इस प्रकार, 'गो-ग्रीन' योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ भी प्रदान कर रही है।

# इंदिरा गांधी वार्ड की सड़कें बनीं गड्ढों और कीचड़ से लबालब

**हिंगनघाट.** नगर के छत्रपति शिवाजी मार्केट यार्ड के पीछे स्थित इंदिरा गांधी वार्ड की मुख्य सड़क मानसून की पहली ही बारिश में गड्ढों और कीचड़ से लबालब हो गई है। यह मार्ग नागरिकों, विद्यार्थियों और किसानों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन बारिश के चलते इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि दोपहिया वाहन चालकों को रोज़ाना जान हथेली पर रखकर गुजरना पड़ रहा है, वहीं पैदल चलने वाले राहगीर भी हर कदम पर फिसलने का खतरा झेल रहे हैं। वार्ड के स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से खस्ताहाल स्थिति में है, लेकिन नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पहले की गई मरम्मत भी केवल औपचारिकता तक सीमित रही। मरम्मत के नाम पर ठेकेदार ने बजरी या मोर्टार की जगह लाल मिट्टी डाल दी, जो बारिश में कीचड़ बनकर पूरे मार्ग को दलदल में बदल देती है। विद्यार्थियों और रोज़मर्रा के काम से बाहर निकलने वाली महिलाएं इस मार्ग की हालत से सबसे ज़्यादा प्रभावित हो रही हैं।

# आधार, भूमि सीडिंग और ई-केवाईसी के कारण जिले में करीब 94 हजार किसान सम्मान-महासम्मान योजना से वंचित

**अमरावती.**

किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से एक है किसान सम्मान एवं महासम्मान योजना। यह योजना 2023 में शुरू की गई थी और दो साल बाद भी 93,382 किसान दोनों योजनाओं से वंचित हैं।

किसानों ने आवेदन तो किया लेकिन बाद में कोई रुचि नहीं दिखाई और दूसरी ओर, अधिकारियों ने भी उन्हें प्रोत्साहित नहीं किया। परिणामस्वरूप, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग और ईकेवाईसी की कमी के कारण किसान लाभ से वंचित रह जाते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में सालाना 6,000 रुपये जमा किए जाते हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खातों में सालाना 6,000 रुपये जमा किए जाते हैं।

साल 2023 में लांच की गई इस योजना के लिए जिले से तीन लाख 70 हजार 24 किसानों ने आवेदन किया था।

इनमें से दो लाख 76 हजार 182 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और नमो शेतकारी महासंघ के माध्यम से योजना का लाभ दिया जा रहा है। हालांकि, 8,189 किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है, जबकि 5,131 किसानों ने अपना आधार कार्ड सत्यापित नहीं कराया है। वहीं, लैंड सीडिंग नहीं होने से 2,790 लोग इस योजना का लाभ नहीं उठा सकते।

अन्य किसानों ने इस योजना के लिए आवेदन किया, लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी।

एक ओर जहां किसानों ने इस योजना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, वहीं दूसरी ओर अधिकारियों ने भी किसानों को इस योजना में शामिल नहीं किया। परिणामस्वरूप दो वर्ष बाद भी 93,382 किसान वंचित हैं।

CMYK



कामठी नगर परिषद हर मंगलवार

# चुनावी चौपाल में सियासी दंगल

प्रस्तुति : सौमित्र कल्याणी बैकुंथनाक नंदी, उपसंपादक, 9881272088, 9604758944



## जल्द पूरा करें प्रभाग रचना, राज्य चुनाव आयोग का निर्देश; जल्द होगा नगर परिषद चुनाव

## चुनाव में कांग्रेस की छोटी सरकार बनने पर शहर में लगेंगे विकास के पंख : नीरज लोणारे



आने वाले नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व पूर्व नगरसेवक नीरज लोणारे को शहर के सभी वार्डों से लोगों का पूरा जनसहयोग व आशीर्वाद मिल रहा है।

साथ ही कांग्रेस पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक व्यक्त करते नज़र आ रहे है कि यदि अध्यक्ष पद के लिए उतरते हैं तो नीरज लोणारे को भारी मतों से जीत दर्ज कराएंगे।

भावी अध्यक्ष प्रत्याशी नीरज लोणारे ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों की जनता की मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर सुविधा प्रदान करना प्रतिदिन हमारा यही प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि हम यदि जीत कर आते हैं तो कांग्रेस की छोटी सरकार में न केवल शहर के सभी वार्डो में विकास कार्यों को पंख लगेंगे, बल्कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता देकर निदान करने का कार्य भी किया जाएगा।

चुनाव को लेकर क्षेत्र के मतदाताओं ने कहा कि पूर्व पार्षद नीरज लोणारे ने यूं तो वार्ड में कई ऐसी समस्याओं का समाधान करवाया है जो सालों से वार्डवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी।

वहीं मतदाता बताते हैं कि पूर्व पार्षद नीरज लोणारे यंग है तो परंतु मृदुल भाषी होने से पूरी तरह काम करवाने को लेकर सक्रिय हैं और नगर परिषद के अधिकारियों से उनके रिश्ते भी ठीक है तो काम करवाने में कोई परेशानी नहीं आती है। लोगों की समस्याओं को हल करने और उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

नीरज लोणारे भी शहर के बाजारों व वार्डो में जनसंपर्क कर दुकानदारों और यहां रहने वाले लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगकर कांग्रेस की छोटी सरकार शहर में बनाने की अपील करते नज़र आने लगे हैं। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर मतदाताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि शहर का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

जनसंपर्क दौरान मतदाताओं को अधूरे कार्य को पूर्ण करने का भरोसा देते हुए समर्थन मांगकर रोड, नाली, पेयजल, विधवा पेंशन, आवास निर्माण समेत अन्य कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर पूरा करने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि वे लगातार दो बार पार्षद रहकर जनहित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। जनता को मुझ पर विश्वास है। जीत हासिल होने पर शहर का विकास किया होगा।

## पूर्व सैनिकों चंद्रशेखर अरगुलेवार ने शहर के विकास के लिए चुनाव भागीदारी का लिया संकल्प



हाल ही में, पूर्व सैनिक चंद्रशेखर गंगैया अरगुलेवार ने नगर परिषद के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद एवं नगरसेवक प्रत्याशी उतारकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से, वे अपने अनुभव, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का उपयोग नगर परिषद प्रशासन को मजबूत करने और नागरिकों की भलाई के लिए काम करने की इच्छा रखते हैं। ताकि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन प्रदान किया जा सके। ज्ञात हो कि एक पूर्व सैनिक हैं जिन्होंने स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ले ली है और अब वे तेजस बहुउद्देशीय संस्था की स्थापना कर हर महीने गरीबों को अन्नदान अभियान चलाते हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सैनिक चंद्रशेखर अरगुलेवार तेजस बहुउद्देशीय संस्था के संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर यह बहुत ही उत्कृष्ट और सराहनीय पहल है कि वे साल में गरीबों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन करते हैं। यह निस्संदेह उन लोगों के लिए एक बड़ी मदद है जो आर्थिक तंगी के कारण विवाह का खर्च वहन करने में असमर्थ होते हैं। इसके अलावा पूर्व सैनिक चंद्रशेखर अरगुलेवार सैन्य और पुलिस भर्ती के लिए प्रशिक्षण शिविर भी तेजस बहुउद्देशीय संस्था द्वारा आयोजित किए जाते हैं, जिसमें लगभग 44 प्रशिक्षणार्थियों का केंद्र सरकार में नौकरी हेतु चयन किया गया। उनकी संकल्पना है कि मुफ़्त ट्रेनिंग सेंटर के साथ वृद्धाश्रम का निर्माण किया जाए।

## चुनाव में शिवसेना शिंदे गुट का बजेगा डंका - शिवम ग्रावकर सहित समस्त शिवसेनिकों को भरोसा



शिवम ग्रावकर शिवसेना (शिंदे गुट ) के एक प्रमुख युवा नेता और कामठी शहर प्रमुख हैं। उन्हें सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के लिए जाना जाता है। वे युवाओं के साथ विभिन्न सामाजिक पहलों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा कमाई है और सुदर्शन समाज के युवा नेता के तौर पर शिवसेना में अहम भूमिका निभाते हुए सक्रिय हैं। नगर परिषद चुनाव को लेकर शिवम ग्रावकर ने कहा कि शिवसेना शिंदे गुट की चुनावी तैयारियां न सिर्फ संगठन के स्तर पर, बल्कि रणनीतिक और भावनात्मक मोर्चों पर भी चल रही हैं। साथ ही उन्होंने विकास और राष्ट्रवाद दोनों को चुनावी हथियार बनाने की बात कही। उन्होंने शिवसेना शिंदे गुट आगामी नगर परिषद चुनाव में जीत को लेकर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की विकास नीति और जनसमर्थन के दम पर शिवसेना मैदान में मजबूत दावेदार बनकर उभरेगी और नगर परिषद चुनाव में शिवसेना का डंका बजेगा। शिवम ग्रावकर ने जोर देकर कहा कि लोगों को अब यह समझ आ गया है कि शिवसेना सिर्फ नारेबाज़ी नहीं, बल्कि वादों को निभाने वाली पार्टी है। शिवसेना शिंदे गुट की चुनावी तैयारियां न सिर्फ संगठन के स्तर पर, बल्कि रणनीतिक,विकास,आम जनता की तकलीफें और भावनात्मक मोर्चों पर भी चल रही हैं। उन्होंने कहा कि शिवसेना शिंदे गुट प्रमुख व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और चुनाव समिति गठबंधन की रूपरेखा तय करेंगे और पार्टी उसी अनुसार कामठी नगर परिषद चुनाव मैदान में उतरेगी। हालांकि, शिवम ग्रावकर ने संकेत दिया कि कुछ स्थानों पर ''दोस्ताना मुकाबला'' भी संभव हो सकता है।।

## विजय कोंडुलवार ने इच्छा जाहिर करते हुए कहा "बड़े अंतर से जीतूंगा चुनाव"



''बड़े अंतर से चुनाव जीतूंगा' : नगर परिषद चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए विजय आसराज कोंडुलवार ने कहा कि वार्ड क्र 6 से बात ज्यादा इसलिए उठ रही है क्योंकि मेरी माताजी ऊषा कोंडुलवार पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बतौर 450 मत हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। ज्ञात हो कि तमाम पार्टियां अपने अपने नगर परिषद उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करने में जुटी है। इन चुनावों में एक बार फिर से वार्ड क्र 6 नया बाज़ार की सीट चर्चा विषय में है। भाजपा युवा नेता विजय कोंडुलवार ने वार्ड क्र 6 से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। विजय कोंडुलवार ने बातचीत में कहा कि केवल वार्ड क्र 6 ही नहीं पूरे कामठी से राजनीतिक पुकार आ रही है कि मैं सक्रिय राजनीति में आऊं.. वार्ड क्र 6 से बात ज्यादा इसलिए उठ रही है। वहीं विजय कोंडुलवार संजय गांधी बाल श्रवण योजना और पुलिस शांतता समिति के सदस्य के तौर पर लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो समाज के विभिन्न वर्गों तक मदद पहुंचाती है। छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने में मदद करते हैं। इन दोनों समितियों का हिस्सा बनकर, विजय कोंडुलवार न केवल सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहे हैं बल्कि शांति और सद्भाव बनाए रखने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह दर्शाता है कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि विजय कोंडुलवार भाजपा कामठी शहर के पूर्व महामंत्री, विशेष कार्यकारी अधिकारी, लक्ष्मी माता मंदिर एवं हनुमान मंदिर सेवा संघ अध्यक्ष, सर्वभाषिक वरठी परिट धोबी समाज युवा संगठन विदर्भ उपाध्यक्ष, संजय गांधी एवं श्रवण बाल योजना तहसील कमेटी सदस्य के पद पर रहकर निस्वार्थ लोक सेवा में लगे हुए हैं।

## यादव नगर से राजा यादव ने की चुनाव लड़ने की घोषणा

### बदहाल रोड मरम्मत के साथ शौचालय, मूत्रालय का निर्माण



नगर परिषद की आगामी चुनाव में इस बार युवाओं में चर्चित भाजपा के कामठी शहर पूर्व महामंत्री अविनाश उर्फ राजा महेश यादव ने भी उतरने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल की छत्रछाया में रहकर निस्वार्थ भाव से जीत हासिल कर सकते हैं। अविनाश महेश यादव ने कहा कि यदि वे चुनाव जीतकर आते हैं तो सबसे पहले जयस्तंभ चौक से यादव नगर तक की बदहाल मुख्य सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाएगी। बहुत समय पहले बना हुआ यह रोड अब खंडहर बनकर विकास का इंतजार कर रहा है। राजा यादव ने कहा कि सार्वजनिक प्याऊ और शौचालय व मूत्रालय निर्माण के साथ कुओं के जीर्णोद्धार कराने की योजना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की ओर से यादव नगर, भीमनगर, लकड़गंज आदि लगे हुए क्षेत्रों में सड़कों, नाली का मुद्दा हो या अन्य किसी विकास के कार्यों का आदि व्यवस्था कराए जाने के बावजूद भी आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

























